# CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

(प्रेस विज्ञप्ति)

# कैटलिस्ट कॉलेज के 296 छात्रों का हुआ विप्रो में प्लेसमेंट

## इसके अतिरिक्त आईसीआईसीआई मे 259, टी०सी०एस० में 120, इन्फोसिस मे 105, कैपजेमिनी मे 89, एसेंचर में 64, एक्स्ट्रामार्क्स में 59 तथा कोग्निजेंट में 55 छात्रों को मिला जॉब

बिहार के कैटलिस्ट कॉलेज (सिमेज समूह से सम्बद्ध) मे अध्ययनरत छात्रों ने विप्रो टेक्नोलोजी के इंटरव्यू में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है | कैटलिस्ट कॉलेज में आयोजित हुये मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव मे विप्रो द्वारा इस वर्ष कुल 296 छात्रों को जॉब ऑफर किया गया है | ये अपने आप में रिकॉर्ड प्लेसमेंट है | चयनित छात्रों को विप्रो द्वारा, जॉब के साथ-साथ 'बिट्स पिलानी' से एम.टेक.-आईटी का कोर्स भी निःशुल्क कराया जायेगा | छात्रों को 33,000/- रु. प्रति माह तक का वेतन दिया जायेगा, एम-टेक कोर्स पूरा होने पर छात्रों को कंपनी द्वारा प्रोमोशन और दो लाख का बोनस भी दिया जाएगा | इन छात्रो की नियुक्ति बीटेक के अभ्यर्थियों के बराबर पैकज पर हुई है | उन्हे बैंगलोर, कोच्चि, चेन्नई, हैदराबाद, कोयम्बटूर, पुणे में आई.टी.एनेलिस्ट एवं प्रोग्रामर के तौर पर नियुक्ति मिली है | विप्रो मे पहले से कैटलिस्ट कॉलेज के 1350 से अधिक छात्र कार्यरत थे और अब इस वर्ष के चयनित छत्रों को मिलाकर कुल 1650 छात्र हो गए हैं |

इसके साथ ही कैटलिस्ट कॉलेज के बीएससी-आई०टी० एवम बीसीए के 120 छात्रों को टी०सी०एस० (टाटा कंसल्टेंसी सेर्विसेज) के इग्नाइट कार्यक्रम के तहत जॉब मिला है | जबकि कोग्निजेंट में कैटलिस्ट कॉलेज के 55, कैपजेमिनी मे 89, इन्फोसिस मे 105 छात्रों को इस वर्ष जॉब मिला है | एसेंचर दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी है और एसेंचर में कैटलिस्ट कॉलेज के 64 छात्रों को जॉब मिला है | वहाँ छात्रों को 4 लाख से भी ज्यादा का पैकेज मिला है | छात्रों को कंपनियो द्वारा विदेशों में भी पदस्थापन का अवसर दिया जाएगा | सभी छात्रों को कंपनियो के पे-रोल पर नियुक्ति मिली है | बीबीए, बीबीएम एवम पीजीडीएम के 259 छात्रों का आईसीआईसीआई मे, 59 का एक्स्ट्रामार्क्स में बायजूस मे 39 तथा बिग बास्केट में 34 छात्रों को जॉब मिला है |

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री नीरज अग्रवाल ने बताया कि "छात्रों को विप्रो के WILP कार्यक्रम के मद्देनजर इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया | छात्रों को क्लाउड कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स, ऐंड्रोयड ऐप डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अमेज़न वेब सर्वर, डीप लर्निंग, डिजिटल मार्केटिंग इत्यादि का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था | छात्रों को मैथ, रिजनिंग, वर्बल, नॉन वर्बल रिजनिंग की ट्रेनिंग कराई गई |

बी०एस०सी० (आई०टी०) के छात्रों को बड़ी सफलता मिली है क्योंकि उनका सिलेबस बी०सी०ए० की तुलना में ज्यादा अध्यतन है | बी०एस०सी० (आई०टी०) के छात्रों को कैटलिस्ट कॉलेज में नेटवर्क सिक्यूरिटी, लिनक्स ओर साइबर सिक्यूरिटी की भी पढ़ाई कराई गई, जिसका सीधा फायदा उन्हे इस प्लेसमेंट में देखने को मिला | 'विप्रो' टी०सी०एस०, आईसीआईसीआई, कैपजेमिनी, इन्फोसिस, एक्स्ट्रामार्क्स, कोग्निजेंट तथा एसेंचर जैसी प्रख्यात कम्पनियों का बिहार के किसी एक ही शिक्षण संस्थान में इतनी बड़ी संख्या मे छात्रों को चयनित करना अपने आप में एक उल्लेखनीय घटना है, और यह कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों की प्रतिभा को प्रतिबिम्बित करती है | भारत में तो विप्रो का कोई भी ऐसा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर नहीं है, जहाँ कैटलिस्ट कॉलेज के छात्र कार्यरत नहीं हैं | कई छात्रों को कार्य के दौरान 'ऑन-साईट' प्रोजेक्ट के तहत विदेशों में भी पदस्थापना मिल चुकी है | कैटलिस्ट कॉलेज पटना के अनेक छात्र ऐसे है जिन्होने मात्र 3-5 वर्ष की समय सीमा मे विप्रो मे जॉब पाने के बाद भारत मे 37 लाख और विदेशो मे 1.25 करोड़ तक का पैकज पाया है |"

सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सत्र 2019-22 में नामांकित छात्रों को उनके कोर्स के पूर्ण होने के काफी पहले ही प्लेसमेंट प्राप्त हो गया है | जिसकी वजह से छात्रों के अभिभावकों मे खुशी की लहर व्याप्त है | चयनित छात्रों की खुशी का ठिकाना नहीं था और रिजल्ट सुनते ही उनकी आंखो से खुशी के आँसू छलक पड़े | सफल छात्रों ने पूरे संस्थान मे मिठाई बाँट कर सफलता का जश्न मनाया और शिक्षको के प्रति अपना आभार प्रकट किया |

जॉब पाने वाले छात्रों में विकास कुमार, शंकर कुमार, मनीष कुमार, अदित्य साहनी, अमित ठाकुर, प्रशांत कुमार, संजीव कुमार, गोलु कुमार, विकास कुमार, प्रशांत कुमार, काजल कुमारी, सौरव कुमार, सचिन राज, सोनू कुमार, प्रभात कुमार, किशोर कुणाल, रिशु कुमार सिंह, कोमल कुमारी, विपुल कुमार, देवाशीश कुमार, मो० अखलाक अंसारी, प्रीतेश कुमार, जुही कुमारी, दिव्या कुमारी, रजनीश सिंह, मो० फैजान, विकास कुमार, अर्पिता कुमारी, गौरव कुमार, राकेश जायसवाल, विक्की कुमार, प्रशांत कुमार, स्नेहा कुमारी, शुभम कुमार, ममता गुप्ता, मानसी कुमारी, प्रियान्शु कुमार, प्रशांत कुमार, रौनक रानी, आशुतोष कुमार, कमलेश कुमारी सिंह, प्रगति कुमारी, प्रिंस कुमार, स्वर्ण कुमार, राकेश जायसवाल, दीपक कुमार, भवेश रंजन, मनीष राज, शुभम कुमार, स्वर्ण कुमार, मिन्टू कुमार, किशोर कुणाल, इंद्रजीत कुमार, विकी कुमार, निशा कुमारी, रणविजय कुमार, गोविंद कुमार, निखिल कुमार, प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार ठाकुर, सुशांत सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश कुमार, गोपाल कुमार तथा अन्य शामिल हैं | (लिस्ट संलग्न)

इस अवसर पर संस्थान की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने कहा कि '**कैटलिस्ट कॉलेज में वर्ष 2022 में नामांकिन अपने अंतिम दौर में पहुँच चुका है और सभी कोर्सेज की क्लासेज भी शुरू हो चुकी है | BBA, BCA, BSc-IT, B.Com(P) तथा PGDM कोर्स में बची हुई सीटों पर सीधा नामांकन हो रहा है |** वहीं कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार ने कहा कि "कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का इतनी बड़ी आई०टी० कंपनियों में इतनी बड़ी संख्या मे चयन होने की वजह है - उनका मजबूत बेसिक प्रोग्रामिंग कॉन्सेप्ट और प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट स्किल्स |कॉलेज में छात्रों के कम्यूनिकेटिव इंगलिश में इंप्रूवमेंट पर विशेष ध्यान दिया गया एवं जॉब इंटरव्यू के लिए छात्रों को विशेष रूप से 'इंटरव्यू हैंडलिंग स्किल्स' का प्रशिक्षण दिया गया | जिसका परिणाम छात्रों के कंप्यूटर तकनीकी ज्ञान मे दक्षता, इंगलिश बोलचाल मे प्रवीणता तथा छात्रों के ओवरऑल व्यक्तित्व विकास मे रूप में सामने आया है|" इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की |




